लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

COMPREHENSIVE ECONOMIC PARTNERSHIP AGREEMENT (CEPA) WILL GIVE NEW HEIGHT TO ECONOMIC RELATIONSHIP BETWEEN INDIA AND UAE: LOK SABHA SPEAKER / व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते से भारत और यूएई के बीच आर्थिक संबंध नई ऊंचाइयां छुएंगे: लोक सभा अध्यक्ष

…

INDIA AND UAE CAN STRENGTHEN COOPERATION IN RENEWABLE ENERGY, ARTIFICIAL INTELLIGENCE, SUSTAINABLE ECONOMY, HEALTH – TECH AND EDU-TECH: SHRI BIRLA / भारत और यूएई अक्षय ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सतत अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य-तकनीक और शिक्षा-तकनीक में सहयोग को मजबूत कर सकते हैं: श्री बिरला

…

LOK SABHA SPEAKER LEADS INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION TO UAE / लोक सभा अध्यक्ष यूएई में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं

…

नई दिल्ली; 21 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला, कल आबू धाबी पहुंचे थे और आज भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ उन्होंने फेडरल नेशनल काउंसिल के स्पीकर से मुलाकात की ।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि 2015 में, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद से, भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय संबंधों में नए आयाम स्थापित हुए और 2017 में एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के बाद

दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों के साथ दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध बढ़े हैं । पिछले साल आयोजित 5वें विश्व अध्यक्ष सम्मेलन का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हमने परस्पर हित के लिए द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की थी और अब हमें आपसी हित के अन्य क्षेत्रों में भी अपने मैत्री संबंधों का विस्तार करना चाहिए । दोनों देशों के बीच भविष्य में भी मैत्रीपूर्ण संबंधों बने रहने के बारे में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात अक्षय ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सतत अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य-तकनीक और शिक्षा-तकनीक जैसे नए और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत कर सकते हैं।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने संयुक्त अरब अमीरात को कोविड महामारी के दौरान उनके द्वारा भारतीय समुदाय को दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस बात का उल्लेख करते हुए कि द्विपक्षीय व्यापार दोनों देशों के बीच सुदृढ़ संबंधों का आधार रहा है, लोक सभा अध्यक्ष ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और आबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के नेतृत्व में हुए वर्चुअल शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार समझौते अर्थात् व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते सीईपीए) का उल्लेख करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस समझौते से भारत और यूएई के बीच आर्थिक संबंध नई ऊंचाइयां छुएंगे।

इससे पहले, श्री बिरला ने भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ आज आबू धाबी में वहात अल करमा का दौरा किया और संयुक्त अरब अमीरात और अन्य अमीरात के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश की सेवा में वीर सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान का स्मरण किया।

Abu Dhabi, 21 February, 2022: Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla, who arrived in Abu Dhabi yesterday, with an Indian Parliamentary Delegation, met Speaker of the Federal National Council, H.E. Mr. Saqr Gobash, today.

Speaking on this occasion, Shri Birla said that since 2015, after the visit of Prime Minister, Shri Narendra Modi, a new momentum was set in the bilateral relations between India and UAE which was further strengthened after our Comprehensive Strategic Partnership in 2017. Shri Birla noted with satisfaction that relations between India and UAE have grown in all spheres; be it politics, trade, investment, defence, security, energy and culture or people-to-people ties.

Recalling the 5th World Conference of Speakers last year, Shri Birla said that we had detailed discussions on furthering bilateral cooperation for mutual interest and now we should extend our friendship to other areas of mutual interest. Expressing confidence on the future ties between the countries, Shri Birla said that India and UAE can further strengthen cooperation in new and emerging areas such as renewable energy, Artificial Intelligence, sustainable economy, health – tech and edu-tech.

Shri Birla thanked the UAE for their support to the Indian community in UAE during the Covid pandemic. Mentioning that that bilateral trade has been a pillar of strength in the relationship between the two countries, Lok Sabha Speaker referred to the Comprehensive Economic Partnership Agreement (CEPA), the trade pact between India and the United Arab Emirates during a virtual summit led by Prime Minister Narendra Modi and Crown Prince of Abu Dhabi Sheikh Mohamed bin Zayed Al Nahyan and expressed confidence that the pact would give a new height to the economic relationship between India and UAE.

Earlier, Shri Birla with the Indian Parliamentary Delegation visited Wahat Al Karama, or the “the Oasis of Dignity”, in Abu Dhabi, today, and paid tributes to the brave soldiers of UAE and other Emiratis. He remembered their sacrifices in the service of their nation.

***